देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

शानदार 30वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

मार्च-2024 न्यूज़ मैगज़ीन मूल्य ₹25



## मध्यप्रदेश की बिटिया कन्या ने तैराकी में लगाई बड़ी छलांग

### अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में जीते दो रजत और एक कांस्य पदक



# मध्यप्रदेश खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रहा है : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**मप्र ओलंपिक संघ ने भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और खेल मंत्री विश्वास सारंग को सम्मानित किया।**

Website: www.nationalsportstimes.org स्पोर्ट्स वेब पोर्टल

आरएनआई नंबरः 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 /1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सम्मानित करते हुए मप्र ओलंपिक संघ के पदाधिकारीगण।

## सीएम डॉ. यादव ने खिलाड़ियों के लिए की कई घोषणाएं

- खेल और खिलाड़ियों को सुविधाएं देने में कोई कमी नहीं करेंगे।
- मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ को 11 लाख रुपए देने की घोषणा।
- सभी खेल संस्थाओं को दिया जाएगा अनुदान।
- विभिन्न विभागों के समन्वय से खेलों को आगे बढ़ाया जाएगा।
- नई शिक्षा नीति में खेल को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# खेलों को बढ़ावा देने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैलाश विजयवर्गीय और विश्वास सारंग हुए सम्मानित

**मध्य प्रदेश** ओलंपिक संघ ने 19 फरवरी को भोपाल के समन्वय भवन सभागृह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरी प्रशासन कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का खेलों में विशेष योगदान के लिए भव्य सम्मान एवं अभिनंदन किया। समारोह में मध्य प्रदेश की कई बड़ी खेल हस्तियां व खिलाड़ी मौजूद थे। भव्य खेल समारोह अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में पूरे देश में आगे जाएगा। राज्य सरकार से खेलों के लिए मूलभूत सुविधाएं तो मिल ही रही हैं, भविष्य में खिलाड़ियों को और अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के खिलाड़ी कबड्डी, कुश्ती के अलावा सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में 2036 और 2040 के ओलम्पिक खेलों की तैयारी भी अभी से शुरू कर दी गई है। सरकार समय रहते खेलों और खिलाड़ियों की चिंता कर रही है। प्रदेश में स्पोर्टस डिपार्टमेंट के साथ-साथ उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा आदि के साथ मिलकर खेलों को आगे बढ़ाएंगे।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें : कैलाश विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव खेल प्रेमी और मैदानी व्यक्ति हैं। खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं उनकी समस्याओं को दूर कर देंगे। जीतने पर विनम्र बनें। समर्पण के साथ खेलें। बड़ा आदमी विन्रमता से ही बनता है। अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम सौभाग्यशाली हैं कि श्री मोदी ने छोटे खेलों को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

### खेलों-खिलाड़ियों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा : विश्वास सारंग

खेल एवं युवक कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुश्ती के उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं। इसलिए उनके अंदर खेल के प्रति आकर्षण है, लगाव और भावना भी है। उन्होंने कहा कि खेल, खिलाड़ी और स्थान किसी भी सभ्य समाज के लिए आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकार ने काम किया है उसी का परिणाम है कि हमारी महिला, पुरुष और बालकों की टीमें विश्व में विजय प्राप्त कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से खेलों में हम निश्चित रूप से आगे बढ़ेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारीगण।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर समारोह में विधायक एवं मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, विधायक संदीप जयसवाल, महापौर जबलपुर जगत बहादुर सिंह, ओलंम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, अपर मुख्य सचिव खेल विभाग श्रीमती स्मिता घाटे, खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त खेल संचालक बीएस यादव, अनिल धूपर, ओम सोनी, ओलंपियन पप्पू यादव, प्रशांत कुशवाहा, सारिका गुप्ता सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
शानदार 30वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

मार्च-2024 न्यूज़ मैग्ज़ीन मूल्य ₹ 25



आईपीएल के दबंग कप्तान



**सफलता** के शिखर पर रविचंद्रन अश्विन

**यशस्वी** की प्रतिभा और संघर्ष की गाथा

**सरफराज** खान का टेस्ट उदय

**रांची** में जीतकर भारत ने टेस्ट सीरिज पर किया कब्जा

**पेरिस** ओलंपिक काउनडाउन-2

**इतिहास** रचने से चुक गई भारतीय फुटबाल टीम

आईपीएल स्पेशल

## आम चुनाव और इम्तिहान का सीजन है तो क्या हुआ

# आईपीएल तो देश को जोड़ेगा

**आईपीएल** की 10 टीमें और कप्तान | **22** मार्च से होंगे मुकाबले | **होली** के रंग में भी रंगेगा एक मुकाबला

Website: www.nationalsportstimes.org स्पोर्ट्स वेब पोर्टल
आरएनआई नंबरः 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 /1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख
Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2021-23

■ वर्ष-30 ■ अंक-9 ■ क्रमांक-280 ■ मार्च-2024 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | निखिल कुमार |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहारे |
| छायाकार | : | निर्मल व्यास |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

अरुण अर्णव, अनिल वर्मा, हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मो. ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, संजय बेनर्जी, अमरनाथ, मो. अफरोज।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



19 भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरिज

# रांची में जीतकर भारत ने टेस्ट सीरिज पर किया कब्जा

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| 22 मार्च से लगेगा आईपीएल का तड़का | 09 |
| यशस्वी की प्रतिभा और संघर्ष | 14 |
| शिखर पर रविचंद्रन अश्विन | 16 |
| सरफराज का टेस्ट उदय | 17 |
| राजकोट में भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत | 21 |
| ये क्रिकेट की शान है | 24 |
| खेल एक नजर | 26 |
| कार्टून का पन्ना | 27 |
| एक हार और सब कुछ खत्म | 31 |
| पेरिस ओलंपिक काउनडाउन-2 | 34 |
| इतिहास रचने से चुकी भारतीय टीम | 36 |
| भारत की ऐतिहासिक सफलता में अनमोल | 41 |

खेल **पत्रिका नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स** के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

## घोषणा-पत्र

फार्म 4 (नियम 8 देखिये)

1. प्रकाशन स्थान - भोपाल
2. प्रकाशन अवधि - मासिक
3. मुद्रक का नाम - इन्द्रजीत मौर्य
   नागरिकता - भारतीय
   पता - ई-197, ओल्ड मीनाल रेसेडेंसी जे.के. रोड, भोपाल म.प्र
4. प्रकाशक का नाम - इन्द्रजीत मौर्य
   नागरिकता - भारतीय
   पता - ई-197, ओल्ड मीनाल रेसेडेंसी जे.के. रोड, भोपाल, म.प्र
5. संपादक का नाम - इन्द्रजीत मौर्य
   नागरिकता - भारतीय
   पता - ई-197 ओल्ड मीनाल रेसेडेंसी जे.के. रोड, भोपाल, म.प्र
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो पत्रिका के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो-

मैं इन्द्रजीत मौर्य एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकृत जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक 01.03.2024

प्रकाशक के हस्ताक्षर
इन्द्रजीत मौर्य
नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स, भोपाल

मेरी बात...

# भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव का नया दौर



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

**भारत**-इंग्लैंड टेस्ट सीरिज के दौरान भारतीय टीम में बदलाव और नए खिलाड़ियों को लगातार मौके देना काफी सफल और शुभ साबित हुआ। जिसका नतीजा यह निकला कि भारतीय टीम नए सितारों के दम पर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरिज जीतने में सफल रही, वो भी बड़े अंतरों से। इस जीत के मायने साफ नजर आ रहे हैं कि ये नई टीम इंडिया टेस्ट टीम है। पांच मैचों की इस पूरी सीरिज में नए खिलाड़ियों ने अपनी टेस्ट 'कैप' के साथ गजब का प्रदर्शन किया। रजत पाटीदार को छोड़ दिया जाए तो ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और गेंदबाज आकाश दीप ने अपने चयन को पूरी तरह साबित किया है। रजत पाटीदार का बल्ला एकदम खामोश रहा। उन्हें आगे अब टीम में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

पिछले एक साल में टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में इशान किशन, के.एस. भरत, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जैसवाल, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और आकाश दीप रहे हैं। जिसमें से कुछ खेल रहे हैं तो कई अपने खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर है। बीते एक साल में टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की यही कहानी रही है। हर टेस्ट सीरीज में एक-दो खिलाड़ी डेब्यू कर देते हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज तक 10 खिलाड़ियों ने डेब्यू कर दिया है। आखिर भारतीय टीम में इतने बदलाव क्यों हो रहे हैं? क्यों इतने खिलाड़ियों ने डेब्यू किया है। बात साफ है।

भारतीय टीम ट्रांजिशन के फेज में है। चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे और उमेश यादव जैसे खिलाड़ियों की विकल्प की तलाश है। इन खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं है। रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी उम्र की उस पड़ाव पर पहुंच गए हैं, जहां से वह ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल सकते। रविंद्र जडेजा के बारे में भी यह बात कही जा सकती है। ट्रांजिशन के साथ-साथ खिलाड़ियों की चोट और गैरमौजूदगी भी बदलाव के कारण हैं। सड़क दुर्घटना के बाद से ऋषभ पंत मैदान से दूर है। इसके बाद से भारतीय टीम 4 विकेटकीपर आजमा चुकी है। केएस भरत, इशान किशन और ध्रुव जुरेल के अलावा केएल राहुल भी विकेटकीपिंग कर चुके हैं। राहुल चोट से परेशान हैं। वहीं इशान उपलब्ध नहीं हैं। वह विवादों में हैं। राहुल चोटिल न होते और विराट कोहली उपलब्ध होते तो शायद ही रजत पाटीदार और सरफराज खान का डेब्यू होता। ऐसे ही पिछले साल श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण सूर्यकुमार यादव को डेब्यू का मौका मिला। अगर मोहम्मद शमी फिट रहे होते तो साउथ अफ्रीका में प्रसिद्ध कृष्णा शायद ही डेब्यू करते।

भारतीय टीम में बदलाव का कारण खराब फॉर्म भी है। श्रेयस अय्यर और केएस भरत के मामले में यह कहा जा सकता है। शुभमन गिल भी बाहर होने से बाल-बाल बचे हैं। श्रेयस को रहाणे की जगह और गिल को पुजारा की जगह प्लेइंग 11 में जगह मिली। दोनों बल्लेबाज बुरी तरह फेल रहे। गिल ने पिछले मैच में शतक जड़ा तो उनकी जगह बच गई। ओपनिंग से नंबर-3 पर आने के बाद वह रन के लिए लगातार जूझते रहे। श्रेयस अय्यर ने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की, लेकिन साउथ अफ्रीका दौरे पर फेल रहे। इसके इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी यही हाल रहा। केएस भरत भी बल्लेबाजी के कारण प्लेइंग 11 से बाहर हुए। लेकिन हाल के खिलाड़ियों ने दम लगाकर खेला है। ऐसा लगता है आने वाले दिनों में भी बदलाव का दौर जारी रहेगा और जल्द ही नई टेस्ट टीम नजर आएगी, पर विराट खेलते रहेंगे। वे टेस्ट के सच्चे व अच्छे खिलाड़ी हैं।

विशेष

## सर्वकालीन महान बैडमिंटन खिलाड़ी मारिन मथियास का अमेरिका में निधन

**देश** की सर्वकालीन महान बैडमिंटन युगल खिलाड़ी मारीन मथियास डिसोजा का 70 साल की आयु में एटलांटा, अमेरिका में 25 फरवरी 2024 को निधन हो गया। महिला युगल और मिश्रित युगल में 14 बार राष्ट्रीय विजेता रही महाराष्ट्र की मारिन मथियास ने 1970 दशक में एकछत्र राज किया। वे 1969 से 1972 तक शोभा मुर्ति के साथ लगातार चार साल महिला युगल में राष्ट्रीय विजेता रही। 1973 में वे वत्सला रामामूर्ति अयर के साथ, फिर 1974 से 1976 तक लगातार तीन साल अभी घिया के साथ राष्ट्रीय विजेता बनी। 1979 में शादी के बाद भी वे एक बार और अभी घिया के साथ ही राष्ट्रीय महिला युगल विजेता रही। 9 बार महिला युगल राष्ट्रीय विजेता होने के साथ ही मारिन 1971 और 1973 में आसिफ पार्पिया के साथ दो बार और सुरेश गोयल के साथ 1974 से 1976 तो लगातार तीन साल कुल 5 बार मिश्रित युगल राष्ट्रीय विजेता भी रही। मारीन मथियास ने एक अनोखा कीर्तिमान भी बनाया वे जितनी बार राष्ट्रीय सीनियर बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में खेली। हमेशा जीती ही, फाइनल में कभी हारी नहीं, तब महिलाओं के चड्ढा कप पर महाराष्ट्र का ही दबदबा था। लगातार 8 साल तो महाराष्ट्र राष्ट्रीय अंतर राज्य महिला टीम विजेता रहा था।



वे एकल की भी बेहतरीन खिलाड़ी थी। 1968 और 1969 में मारिन ने राष्ट्रीय जूनियर बालिका एकल एवं प्रतिभा के साथ 1968 में जूनियर बालिका युगल खिताब भी हासिल कर अपनी प्रतिभा का एहसास करा दिया था। 67 वर्षीय मुम्बई की अमी घिया शाह ने बताया कि वह बहुत बढ़िया खेल खेलती थी। वह मेरे से बड़ी थी और चार साल मेरे साथ राष्ट्रीय सीनियर महिला युगल विजेता रही। मैं बीच में एक साल 1978 में कवल ठाकुर सिंह के साथ खेली और राष्ट्रीय महिला युगल विजेता बनी। महाराष्ट्र की अमी घिया को अपने समय में भारतीय बैडमिंटन की महारानी माना जाता था। अमी 7 साल राष्ट्रीय सीनियर महिला एकल और 12 साल महिला युगल विजेता रही। अमी के दबदबे को मधुमिता गोस्वामी (अब बिष्ट) ने तोड़ा। अमी, मधुमिता के साथ लगातार 8 बार और कुल 9 बार राष्ट्रीय महिला युगल विजेता भी रही। मारिन और अमीर का ख्यात फिल्म अभिनेता स्वर्गीय दिलीपकुमार के साथ भी चित्र हैं। एक चित्र में पीछे अमिताभ बच्चन भी दिखाई दे रहे है। मारीन का जन्म 10 अप्रैल 1953 को हुआ। वह बहुत ही मिलनसार खिलाड़ी थी। वे सुंदर तो थी ही, खेल में बहुत ही गुणवान थी और समझदारी से खेलती थी।

मारिन मेथियास के समकालीन मप्र (इंदौर) के प्रसिद्ध पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी विक्रम पुरस्कार प्राप्त 74 वर्षीय रमण गुप्ता ने बताया कि वे और उषा भार्गव तब सेंट्रल इंडिया बैडमिंटन स्पर्धा, जबलपुर में सुरेश गोयल और मारिन मथियास के विरुद्ध खेले थे।

**– प्रस्तुतिः धर्मेश यशलहा**



# आम चुनाव और इम्तिहान का सीजन है तो क्या हुआ
# आईपीएल तो देश को जोड़ेगा



चरनपाल सिंह सोबती
खेल समीक्षक

सिर्फ क्रिकेट में नहीं, खेलों की दुनिया में सबसे बड़ी लीग में से एक, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। ये आईपीएल का 17वां सीजन है और हालफिलहाल क्रिकेट बोर्ड ने जो प्रोग्राम बनाया है उसके मुताबिक इस साल 22 मार्च से शुरू हो जाएगा मैचों का सिलसिला।इस तरह भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े टी20 कार्निवल के शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसा लगता है जैसे कुछ दिन पहले ही तो रवींद्र जडेजा ने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को 5वें आईपीएल टाइटल तक पहुंचाया था पर सच ये है कि अहमदाबाद में उस मुकाबले को खेले कई महीने हो गए हैं।

**सीधे चुनावी आईपीएल कह दें इस सीजन को :** इस बार का आईपीएल, चुनावी आईपीएल कह सकते हैं जो हर 5 साल बाद आता है- इससे पहले भी आईपीएल देश के आम चुनाव से प्रभावित रहा है पर इस बार भी टकराव से बचने के लिए आईपीएल को देश के बाहर ले जाने की जगह भारत में ही खेल रहे हैं पर कुछ ऐसे प्रोग्राम के साथ कि सीधे चुनाव की तारीखों से टकराव न हो। चूंकि अभी तक चुनाव आयोग ने, आम चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है- इसलिए अभी तो लीग के पहले 15 दिनों का प्रोग्राम ही घोषित किया है। बाकी का प्रोग्राम आम चुनावों की तारीखें सामने आने के बाद किया जाएगा। वैसे, इससे पहले भी आईपीएल सीजन मार्च में शुरू हो चुके हैं।

असल में आम चुनाव के साथ टकराव का असर मैचों की लोकप्रियता पर नहीं, स्टेडियम में मैच के इंतजाम में सुरक्षा एजेंसी, खास तौर पर स्थानीय पुलिस की जरूरत पर पड़ता है- शहर में उन दिनों में, मैचों के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस नहीं मिल पाती क्योंकि सब जानते हैं कि चुनाव के दिनों में स्थानीय प्रशासन भी बहुत सारी चुनौतियों का सामना करता है।

यह पहली बार नहीं जब लीग का आयोजन आम चुनाव के साथ हो रहा है- 2009 में, आईपीएल के दूसरे सीजन को दक्षिण अफ्रीका ले गए थे, 2014 में, सीजन के पहले 20 मैच यूएई में और बाकी भारत में खेले जबकि 2019 में तो लोकसभा चुनावों के साथ सभी मैच भारत में ही खेले थे। उसी प्रयोग को इस सीजन में भी दोहरा रहे हैं। 2019 में, भारत में आम चुनाव 7 चरण में आयोजित हुए थे और तब भी बोर्ड ने पहले तो सिर्फ शुरुआती दो हफ्तों का प्रोग्राम ही बनाया था। पूरा आईपीएल तब 23 मार्च से 12 मई तक खेले थे।

**प्रोग्राम :** आईपीएल का प्रोग्राम बनाते हुए अन्य दूसरे इंटरनेशनल आयोजन के प्रोग्राम को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस साल 1 जून से शुरू है टी20 विश्व कप और इसीलिए आईपीएल को मई में इस तरह से खत्म करना ही होगा कि खिलाड़ी अपने-अपने देश की टीम के लिए उपलब्ध रहें। इस बार 22 मार्च को पहला मैच पिछले सीजन के दो फाइनलिस्ट-चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच नहीं है। 5 बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल का पहला मैच खेलना कोई नई बात नहीं है और वे चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से खेलेंगे।

7 अप्रैल 2024 तक का जो प्रोग्राम बना है उसमें 21 मैच हैं जो 10 शहरों में खेलेंगे जिसमें हर टीम कम से कम 3 और ज्यादा से ज्यादा 5 मैच खेलेगी। पहले हफ्ते के आखिर में दो डबल हेडर होंगे- 23 मार्च को पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स-सनराइजर्स हैदराबाद मैच हैं। अगले दिन जयपुर में राजस्थान रॉयल्स-लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस (पिछले सीजन के फाइनलिस्ट) और 5 बार के विजेता मुंबई इंडियंस आमने-सामने होंगे।

**ख़ास होगा ये सीजन टीम इंडिया के लिए :** इस साल का आईपीएल वास्तव में टी20 विश्व कप टीम में अपनी जगह बनाने के इरादे से खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए बड़ा ख़ास है क्योंकि लीग में उनका प्रदर्शन टीम के

इस बार का आईपीएल, चुनावी आईपीएल कह सकते हैं जो हर 5 साल बाद आता है- इससे पहले भी आईपीएल देश के आम चुनाव से प्रभावित रहा है पर इस बार भी टकराव से बचने के लिए आईपीएल को देश के बाहर ले जाने की जगह भारत में ही खेल रहे हैं पर कुछ ऐसे प्रोग्राम के साथ कि सीधे चुनाव की तारीखों से टकराव न हो।

चयन पर जरूर असर डालेगा। इसीलिए बीसीसीआई ने कह भी दिया है कि सभी राष्ट्रीय चयनकर्ता मैच देखने अलग-अलग वेन्यू पर मौजूद रहेंगे।

मजेदार बात ये है कि बीसीसीआई ने कह दिया है कि रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जिससे मुंबई इंडियंस के भीतर दिलचस्प नजारा होगा। टीम ने पिछले साल दिसंबर में, इस सीजन के लिए रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को अपना नया कप्तान बनाया था। तब इस ऑलराउंडर ने पूरे साल के ज्यादातर हिस्से में भारत की टी20ई टीम की कप्तानी की थी पर अब वे चोट के कारण नवंबर 2023 से एक्शन से दूर हैं जबकि इस बीच रोहित ने अफगानिस्तान के विरुद्ध टी20 सीरीज के दौरान भारतीय टी20 टीम में वापसी की।




इस साल के आईपीएल में देखने लायक बहुत कुछ है। मुंबई इंडियंस के पास हार्दिक पांड्या नए कप्तान हैं और गुजरात टाइटंस के पास शुभमन गिल हैं। हां, एमएस धोनी तो हैं ही। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने पिछले साल कहा था कि 2023 में आईपीएल जीतना उनके लिए रिटायर होने का सही समय होता, लेकिन अगले साल आखिरी बार आईपीएल खेलने के बारे में सोच रहे हैं। इसलिए पूरी संभावना है कि यह धोनी का आखिरी सीजन है।

सीएसके के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों की बात करें तो मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही सुर्खियां में हैं। हलचल शुरू हुई रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को फ्रेंचाइजी का नया कप्तान घोषित करने से और इस फैसले ने सोशल मीडिया पर तूफान पैदा कर दिया।

**नजर उन पर जो करोड़ो ले गए :** इस सीजन में भी ये सवाल खूब चर्चा में रहेगा कि जो आईपीएल 2024 के लिए नीलामी में बड़ी रकम पर बिके- वे इस बार क्या करेंगे? ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोड़ी ने रिकॉर्ड तोड़ दिए- कमिंस 20 करोड़ को पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए और सनराइजर्स हैदराबाद टीम में हैं जबकि स्टार्क ने इसे और बेहतर रकम में बदला और अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। केकेआर ने उन पर 24.75 करोड़ रुपये खर्च किए। इस बीच, हर्षल पटेल भारत के सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे और पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ रुपये खर्च किए उन पर। मंच तैयार है पर क्या कमिंस, स्टार्क उम्मीदों पर खरे उतर पाएंगे? इस साल का ब्रेक आउट स्टार कौन होगा? इन सभी सवालों के जवाब में ही आईपीएल का रोमांच छिपा है।

इस सीजन में टी20 में टीमों द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा मैच के रिकॉर्ड में दो टीम पर नजर रहेगी। 149 मैच जीत चुकी है मुंबई इंडियंस (269 मैच में से) और 146 मैच चेन्नई सुपर किंग्स (249 में से) ने जीते हैं- ये दोनों टीम सबसे पहले 150 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाने की दावेदार हैं।

**व्यापार तो चलेगा ही :** बीसीसीआई के आईपीएल की बदौलत पैसा कमाने का सिलसिला इस सीजन के साथ भी चल रहा है। अब जो कॉन्ट्रैक्ट बिक रहे हैं उनमें सबसे ख़ास है- बोर्ड ने अगले 5 आईपीएल के लिए, लीग के 6 सहयोगी और 3 विशेष साझेदारी स्लॉट के लिए कुल निम्नतम कीमत 2700 करोड़ रुपये तय की है। कम से कम, आईपीएल के सहयोगी प्रायोजन से ही बीसीसीआई को 1950 करोड़ रुपये (5 साल के लिए प्रति आईपीएल सीजन 65 करोड़ रुपये की निम्नतम कीमत पर) मिलने की उम्मीद है जबकि विशेष साझेदारी में पर्पल और ऑरेंज कैप+स्ट्रेटेजिक टाइमआउट से बोर्ड 5 साल में कम से कम 750 करोड़ रुपये कमा सकता है। पिछले सालों के आईपीएल में इन साझेदारियों के लिए क्रेड और ड्रीम11 जैसे भारत के स्टार्टअप यूनिकॉर्न पार्टनर थे।

**जो शायद इस सीजन में आईपीएल न खेलें :** भले ही विराट कोहली के आईपीएल खेलने के सवाल पर सुनील गावस्कर ने चुटीला कमेंट किया पर अभी तो ऐसी कोई खबर नहीं कि आईपीएल शुरू होने तक हाल ही में दूसरी बार पिता बने कोहली को तब तक पिता की 'ड्यूटी' से फुर्सत नहीं मिलेगी। इस रिपोर्ट के समय तक आईपीएल 2024 चोट ट्रैकर लिस्ट ये है-

■ **मोहम्मद शमी :** टखने की सर्जरी हो चुकी है और आईपीएल न खेलने के पूरे आसार हैं- वह गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं। उनका तो यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप में भी खेलना भी पक्का नहीं।

■ **सूर्यकुमार यादव :** चोटिल हैं- टखने की सर्जरी के कुछ हफ्ते बाद स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी हुई है। अपनी रिकवरी और रिहैब पर अपडेट के लिए जो वीडियो पोस्ट किया था और उन्हें एनसीए में दौड़ते और ट्रेनिंग लेते देखा गया था।

■ **राशिद खान :** विश्व कप के बाद से कोई मैच नहीं खेला है क्योंकि पीठ की सर्जरी हुई थी। वे बिग बैश लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में भी नहीं खेले क्योंकि रिकवरी जारी है।

■ **ऋषभ पंत :** आईपीएल में उनके बल्लेबाज के तौर पर खेलने की पूरी संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर ने पिछले साल के कार एक्सीडेंट के बाद से अभी तक कोई मैच नहीं खेला है।

**अन्य खिलाड़ी : गस एटकिंसनः** कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनकी जगह दुष्मंथा चमीरा को लिया। ■ **मार्क वुड :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनकी जगह शमर जोसेफ को लिया। ■ **शिवम दुबे :** पीठ में तकलीफ (चेन्नई सुपर किंग्स)। ■ **रचिन रवींद्र :** घुटने का दर्द (चेन्नई सुपर किंग्स)। ■ **डेवोन कॉनवे :** अंगूठे की चोट (चेन्नई सुपर किंग्स)। ■ **मुस्तफिज़ुर रहमान :** सिर पर चोट (चेन्नई सुपर किंग्स)।

**किसका होगा ये सीजन :** ये सवाल बड़ा ख़ास है। सट्टाबाजार के अनुसार, सीएसके रिकॉर्ड 6वां आईपीएल टाइटल जीतने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक है। एमएस धोनी उनके कप्तान हैं और इसे बड़ा ख़ास माना जाता है। उनके प्रतिद्वंद्वी, एमआई भी टाइटल जीतने के लिए बराबर पसंदीदा हैं और हमेशा एमआई और सीएसके के बीच फाइनल की उम्मीद रहती है। ये दोनों आईपीएल की सबसे जोरदार प्रतिद्वंद्विता निभाने वाली टीम हैं।

दूसरी ओर जानकारों के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद के आईपीएल 2024 जीतने की संभावना सबसे कम है हालांकि उनकी टीम ने कुछ ही दिन पहले एसए 20 लीग को जीता पर उस लीग की टीम अलग थी। अब देखना ये है कि ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस उनके लिए क्या चमत्कार करते हैं लेकिन याद रहे वे आईपीएल 2023 में 10वें नंबर पर रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स (उन्होंने मिशेल स्टार्क को साइन करने के लिए रिकॉर्ड तोड़ा) भी चैंपियन बनने के फेवरिट नहीं हैं।

## सट्टा बाजार में हर टीम के लिए आईपीएल 2024 जीतने का भाव 1 मार्च 2024 के दिन इस तरह है..

■ चेन्नई सुपर किंग्स 6.00
■ मुंबई इंडियंस 6.00
■ गुजरात टाइटंस 8.00
■ राजस्थान रॉयल्स 9.00
■ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 10.00
■ दिल्ली कैपिटल्स 11.00
■ लखनऊ सुपर जाइंट्स 11.00
■ पंजाब किंग्स 12.00
■ कोलकाता नाइट राइडर्स 12.00
■ सनराइजर्स हैदराबाद 13.00

इस आईपीएल सीजन से पहले ये घरेलू क्रिकेट बनाम आईपीएल सवाल बड़ी चर्चा में है क्योंकि घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज कर आईपीएल की तैयारी में जुट गए खिलाड़ी। पैसा कम है इसलिए जो टीम इंडिया में आ जाते हैं वे रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेलना चाहते। मजे की बात ये कि कुछ सीनियर घरेलू क्रिकेट के लिए तो अनफिट होते हैं और जब आईपीएल आता है तो एकदम फिट होने की रिपोर्ट करते हैं। आईपीएल 2024 के मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित होंगे जबकि जियो सिनेमा इसे लाइव स्ट्रीम करेगा।